# Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur, (C.G.)

Phone No. 0771-2262209 E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक / 1224 / परीक्षा / वार्षिक / 2022 रायपुर, दिनांक 05/04/2022

**प्रति,**

**प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,**
**वार्षिक परीक्षा 2022,**
**समस्त संबद्व महाविद्यालय / परीक्षाकेन्द्र,**
**पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर**

**विषयः— वार्षिक परीक्षा 2022 की उत्तरपुस्तिका संग्रहण के संबंध में।**

विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा 2022 का आयोजन दिनांक 16.04.2022 ऑनलाईन / ब्लैण्डेड माध्यम से किया जाना है जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में परीक्षा केन्द्रों तथा संग्रहण केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। उपरोक्त अधिसूचित परीक्षा केन्द्रों / उपकेन्द्रों / संग्रहण केन्द्रों को पारिश्रामिक / मानदेय का भूगतान निम्नानुसार किया जायेगा—

| क. | विवरण | देय मानदेय / पारिश्रमिक |
|---|---|---|
| 01 | **केन्द्राध्यक्ष / प्राचार्य** | रू.300 / — प्रतिदिन |
| 02 | 1. 500 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —01 सहायक केन्द्राध्यक्ष | रू.150 / — प्रतिदिन |
| | 2. 501 से 1000 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —02 सहायक केन्द्राध्यक्ष | रू. 150 / — प्रतिदिन |
| | 3. 1001 से 2000 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —03 सहायक केन्द्राध्यक्ष | रू. 150 / — प्रतिदिन |
| | 4. 2000 से अधिक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —04 सहायक केन्द्राध्यक्ष | रू. 150 / — प्रतिदिन |
| 03 | **वितरणकर्ता / संग्रहणकर्ता / वीक्षक** (प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार संख्या निर्धारित करेंगे) | रू. 120 / — प्रतिदिन |
| 04 | **संग्रहण में संलग्न तृतीय श्रेणी कर्मचारी को देय पारिश्रामिक** (प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष संलग्न कर्मचारियों को कुल राशि को समानुपातिक रूप से वितरित करेंगे) | रू. 06 / — प्रति परीक्षार्थी |
| | 1. 500 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —01 तृतीय श्रेणी कर्मचारी | |
| | 2. 501 से 1000 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —02 तृतीय श्रेणी कर्मचारी | |
| | 3. 1001 से 2000 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —03 तृतीय श्रेणी कर्मचारी | |
| | 4. 2000 से अधिक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —04 तृतीय श्रेणी कर्मचारी | |
| 05 | **संग्रहण में संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को देय पारिश्रामिक** (प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष संलग्न कर्मचारियों को कुल राशि को समानुपातिक रूप से वितरित करेंगे) | रू. 04 / — प्रति परीक्षार्थी |
| | 1. 500 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —01 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | |
| | 2. 501 से 1000 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —02 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | |
| | 3. 1001 से 2000 तक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —03 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | |
| | 4. 2000 से अधिक परीक्षार्थियों की संख्या होने पर —04 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | |

**टीपः—** परीक्षा संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रदत्त राशि के अनुसार प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष आवश्यकतानुसार वितरणकर्ता / संग्रहणकर्ता / वीक्षक / तृतीय वर्ग कर्मचारी / चतुर्थ वर्ग कर्मचारी से इस प्रकार संख्या का निर्धारण करेंगे, जिससे प्राप्त राशि अनुसार ठीक—ठीक समायोजन हो सकें।

05.04.2022

1. संबंधित परीक्षा केन्द्र उत्तरपुस्तिका का वितरण दिनांक 02.04.2022 से प्रारंभ करेंगे।
2. परीक्षा केन्द्र, बंडल बनाते समय इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि अलग–अलग विषय/प्रश्नपत्र का अलग–अलग बंडल जाए उनमें प्रश्नपत्र भी संबंधित विषय/कोड का ही रखा जाए।
3. उत्तरपुस्तिकाएं केवल संबंधित परीक्षा केन्द्रों में ही जमा की जावेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा सीधे उत्तपुस्तिकाएं स्वीकार नहीं की जावेंगी।
4. उत्तरपुस्तिका स्वहस्तलिखित होने चाहिए। एक उत्तरपुस्तिका में यदि एक से अधिक व्यक्तियों की लिखावट प्राप्त होती है तो उसे नकल प्रकरण मानकर उसका मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा। टाईप या फोटोकॉपी किए हुए उत्तरपुस्तिका स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
5. स्पीड पोस्ट/कोरियर/ई–मेल से प्रेषित उत्तरपुस्तिकाएं परीक्षा केन्द्रों द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी।
6. ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिन्होंने वार्षिक परीक्षा 2022 हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा है, उन्हें ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड आधारित इस परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।
7. दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए उत्तरपुस्तिका संग्रहण/वितरण हेतु पृथक से काउन्टर बनाये जायेंगे।
8. ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड से आयोजित इस परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना/श्रेणी सुधार का प्रावधान नहीं है।
9. प्रत्येक दिन उत्तरपुस्तिका जमा करते समय परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र साथ ले जाना अनिवार्य होगा। उसी प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र उत्तरपुस्तिका जमा करने की पावती अनिवार्य रूप से प्रदान करेंगे। पावती प्रपत्र परीक्षार्थी स्वयं तैयार कर लाऐंगे।
10. परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिकाएं एक साथ ही वितरण की जावे। उत्तरपुस्तिकाएं संग्रहण का कार्य समय सारणी अनुसार ही किया जायेगा।
11. विश्वविद्यालयीन वेबसाईट से डाउनलोड किए गये प्रश्नपत्र को परीक्षार्थियों उसी दिन (जिस दिन प्रश्नपत्र अपलोड होगा) हल करके दोपहर 03.00 बजे तक संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे।
12. निर्धारित तिथि/समय उपरांत संबंधित परीक्षा केन्द्र द्वारा उत्तरपुस्तिकाएं स्वीकार नहीं की जायेगी।
13. समस्त परीक्षा केन्द्र उपरोक्त दिशा–निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

5.4.22
**कुलसचिव**

पृ.क्रमांक/1225/परीक्षा/वार्षिक/2022 रायपुर, दिनांक 05/04/2022

**प्रतिलिपिः–**

1. वित्त नियंत्रक, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर,
2. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक,पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित्।

**प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)**
05.04.22

C:\ C:\EXAM.CRS\OFFICIAL LETTER\Official Latter 2020